सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
राजभाषा अनुभाग

सं. 20–9/15/22-राभा

दिनांक 27/07/2023

परिपत्र

विषय – ''सड़क दर्पण'' पत्रिका, अंक 26 का प्रकाशन Publication of Hindi magazine Sadak Darpan

संस्थान के कार्मिकों को राजभाषा हिंदी में लेखन हेतु प्रेरित करने के लिए पिछले कई वर्षों से आंतरिक गृह-पत्रिका ''**सड़क दर्पण**'' का प्रकाशन किया जा रहा है। अभी हाल ही में 'एक संस्थान एक प्रयोगशाला' समारोह के दौरान हिंदी पत्रिका के संयुक्तांक का विमोचन किया गया है। निदेशक महोदय ने हिंदी पत्रिका ''सड़क दर्पण'' के अंक 26 के प्रकाशन को अनुमोदन प्रदान किया है। पत्रिका की तकनीकी परामर्श समिति प्रकाशन के लिए प्राप्त होने वाली रचनाओं, विशेष रूप से शोध पत्रों की तकनीकी दृष्टि से जांच करेगी तथा प्रकाशन हेतु उनकी उपयुक्तता का निर्धारण करेगी।

संस्थान के अधिकारियों को हिंदी में लेखन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए निदेशक महोदय ने निर्धारित मानदंड के अनुरुप मानदेय देने का अनुमोदन किया है। लेकिन यदि रचना को किसी आंतरिक या बाहरी प्रतियोगिता में पुरस्कार मिल चुका हो या मिलता है तो उसे कोई मानदेय देय नहीं होगा। तकनीकी परामर्श समिति द्वारा अनुमोदित व चयनित शेष पात्र रचनाओं को ही मानदेय दिया जाएगा।

''**सड़क दर्पण**'' के आगामी अंक 26 में प्रकाशन के लिए संस्थान के कार्मिकों, अनियमित कार्मिकों तथा उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा लिखे गए लेख, यात्रावृतांत, कविताएं व अन्य रचनाएं आमंत्रित की जाती हैं। पत्रिका के लिए संस्थान में कार्यरत रिसर्च इंटर्न, परियोजना सहायक आदि भी अपनी रचनाएं भेज सकते हैं। पत्रिका के विषय-सामग्री के फांट की एकरूपता बनाए रखने के लिए सभी लेखकों से अपनी रचनाएं मंगल यूनिकोड फांट में तैयार करके भेजने का अनुरोध है।

पत्रिका के लिए रचनाएं भेजते समय कृपया ध्यान रखें कि ये रचनाएं **मूल रूप से हिंदी में लिखी गई हों।** अपनी रचनाओं के संबंध में लेखकों के लिए यह प्रमाणपत्र देना आवश्यक होगा कि उनका लेख/प्रकाशनार्थ भेजी गई सामग्री उनकी मौलिक रचना है तथा अन्यत्र कहीं भी प्रकाशित नहीं हुई है। यदि अन्यत्र स्रोतों (इंटरनैट, पुस्तक आदि) से सहायक सामग्री ली गई हो तो लेख के अंतर्गत स्रोतों/संदर्भों का यथास्थान अंकन एवं अंत में संदर्भ-सूची का उल्लेख करना आवश्यक होगा।

'सड़क दर्पण' में प्रकाशन हेतु रचनाएं राजभाषा अनुभाग को **दिनांक 11 अगस्त 2023** तक भिजवाई जा सकती हैं। लेखक कृपया ध्यान दें कि रचनाओं की **मुद्रित प्रति** के साथ इसकी सॉफ्टप्रति ईमेल से भेजनी आवश्यक होगी। लेखकों से अनुरोध है कि **मौलिकता के प्रमाणपत्र** के साथ निर्धारित तिथि तक रचनाओं की **वर्ड फाइल** (सॉफ्टप्रति) ईमेल पते **sanjayc.crri@nic.in** पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुखों से अनुरोध है कि सभी संबंधितों को 'सड़क दर्पण' पत्रिका में प्रकाशन के लिए हिंदी में लेखन हेतु प्रोत्साहित करें तथा प्रभाग के अधिकतम स्टाफ सदस्यों को **दिनांक 11.08.2023 तक रचनाएं भेजने के लिए प्रेरित करें**। कृपया ध्यान दें कि कुछ अनुभागों एवं प्रभागों की ओर से हिंदी गतिविधियों के संदर्भ में अधिक सहयोग और भागीदारी की जरुरत है।

संजय चौधरी
27.07.23
(संजय चौधरी)
हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि

1. निदेशक महोदय का कार्यालय – सूचनार्थ
2. प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय – सूचनार्थ
3. सभी अनुभागों/प्रभागों के प्रमुख – सभी संबंधितों की सूचनार्थ एवं प्रभाग से अधिकतम योगदान हेतु
4. प्रभागीय प्रमुख, सीसीएन – संस्थान की वेबसाइट एवं इंट्रानेट पर अपलोड करने हेतु
5. तकनीकी परामर्श समिति, सड़क दर्पण
6. राजभाषा मॉनीटरन समिति के सदस्य
7. कार्यालय प्रति
8. सूचना पट्ट

SadakDarpan OM